हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025



**खबर संक्षेप**

### राज्यपाल डेका का शहर आगमन आज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका का शनिवार को बिलासपुर आगमन हो रहा है। राज्यपाल का मिनट टू मिनट कार्यक्रम प्रशासन के पास आ गया है। वे यहां हाईकोर्ट के रजत जयंती समारोह में शामिल होंगे।



राज्यपाल श्री डेका सुबह 8.15 बजे राजभवन रायपुर से बिलासपुर सर्किट हाऊस के लिए प्रस्थान करेंगे और 10 बजे बिलासपुर पहुंचेंगे। सर्किट हाऊस से सुबह 10.20 बजे हाईकोर्ट के लिए रवाना होंगे और सुबह 10.30 बजे हाईकोर्ट पहुंचेंगे, जहां रजत जयंती समारोह में शामिल होंगे। उसके बाद दोपहर 2 बजे सर्किट हाऊस प्रस्थान करेंगे, वहां से दोपहर 2.10 बजे से दोपहर 3.50 बजे तक तेजस्विनी गर्ल्स हास्टल परिजात कालोनी नेहरू नगर के लिए आरक्षित रहेगा। उसके पश्चात राज्यपाल श्री डेका शहर विधायक अमर अग्रवाल के राजेन्द्र नगर स्थित निवास भी जाएंगे जहां शाम 4 बजे से 4.30 बजे तक रहेंगे, उसके बाद शाम 5 बजे रायपुर राजभवन के लिए रवाना हो जाएंगे। राज्यपाल के आगमन को लेकर शहर में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### सरस्वती महाविद्यालय भवन का लोकार्पण आज

**बिलासपुर।** विद्या भारतीय छत्तीसगढ़ की योजना अनुसार सरस्वती महाविद्यालय संेदरी-कोनी का भवन लोकार्पण कार्यक्रम एवं सरस्वती ग्राम शिक्षा समिति छत्तीसगढ़ का मेघावी छात्र



अलंकरण व प्रांतीय संस्कृति महोत्सव का उदघाटन समारोह 27 सितंबर शनिवार को दोपहर 3 बजे होने जा रहा है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय होंगे और अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ के प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू हैं। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव, बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल, बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला उपस्थित रहेंगे। यह कार्यक्रम स्व. लखीराम सभा भवन सरस्वती शिशु मंदिर सरस्वती विहार खेल परिसर मालाबन सेंदरी-कोनी में संपन्न होगा।

### सात करोड़ की लागत से बनेगी डामर रोड

# मंगला से शिवघाट बराज तक मिलेगा एक और बाईपास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मंगला से शिवघाट बराज के बीच शहरवासियों को एक और बाईपास आवागमन के लिए मिलेगा। सात करोड़ रूपए की लागत से इस सड़क का निर्माण सिंचाई विभाग करेगा। शहर के लोगों को न केवल मंगला-धुरीपारा से सीधे सरकंडा जाने में यह सड़क काफी मददगार साबित होगी, बल्कि शहर के भीतर से यातायात का दबाव भी कम होगा।

धुरीपारा-मंगला से सरकंडा जाना चाह रहे लोगों को अब शहर के भीतर प्रवेश करने की कोई जरूरत नहीं होगी। वे शिवघाट बराज से होते हुए सीधे सरकंडा जा सकेंगे। सिंचाई विभाग द्वारा एसटीपी मंगला से शिवघाट बराज तक छह सौ मीटर लंबाई वाली एक डामर सड़क बनाई जा रही है। यह सड़क डामरीकृत होगी, जिसकी कुल चौड़ाई दस मीटर होगी। इसके अंतर्गत साढ़े सात मीटर डामर सड़क व शेष चौड़ाई में शोल्डर का निर्माण किया जाएगा। सड़क की कुल लागत 682.22 लाख रूपए होगी, जिसमें सड़क के अलावा नदी के दोनों ओर प्रोटेक्शन वाल व पिचिंग संबंधी कार्य भी किया जाना प्रस्तावित है।



#### डीएमएफ से कलेक्टर ने दी स्वीकृति

कलेक्टर द्वारा शिवघाट बराज के निरीक्षण के दौरान मंगला से बराज तक सड़क निर्माण कर शहरवासियों के लिए एक और वैकल्पिक मार्ग तैयार करने संबंधी चर्चा सिंचाई विभाग के अधिकारियों से की गई थी। इसके बाद इसकी पूरी प्लानिंग व बजट तैयार कर सिंचाई विभाग द्वारा निर्माण की स्वीकृति ले ली गई। इसके लिए फंड की व्यवस्था जिला खनिज न्यास मद से की जा रही है।

#### निविदा आमंत्रित की गई है

मंगला-धुरीपारा से शिवघाट बराज के बीच एक बाईपास डामर रोड बनाया जाना प्रस्तावित है। सिंचाई विभाग द्वारा बनाई जाने वाली दस मीटर चौड़ाई वाली इस सड़क की लागत करीब सात करोड़ रूपए होगी। निविदा आमंत्रित की जा चुकी है।

**पीएन श्रीवास्तव**, एसडीओ, खारंग जल संसाधन संभाग

# मैहर और डोंगरगढ़ जाने वाले 500 यात्री कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवरात्रि पर्व के दौरान डोंगरगढ़ मां बम्बलेश्वरी मंदिर जाने वाले यात्रियों के लिए रेल प्रशासन ने 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज और मैहर मां शारदा मंदिर जाने वाले यात्रियों के लिए नौतनवा एक्सप्रेस का स्टापेज देने की सुविधा रेल प्रशासन ने दी है, जिसमें यात्रियों की काफी भीड़ हो चुकी है। इन ट्रेनों में पंचमी से अष्टमी के बीच जाने वाले करीब 500 से अधिक यात्री वेटिंग की कतार में हैं, जिन्हें कंफर्म टिकिट नहीं मिल पा रही है।

22 सितम्बर से नवरात्रि का पर्व प्रारंभ हो गया है। नवरात्रि के 9 दिनों तक श्रद्धालु मां शारदा मंदिर मैहर और मां बम्बलेश्वरी का दर्शन करने के लिए डोंगरगढ़ जाते हैं। इसकी वजह से ट्रेनों में काफी भीड़ हो जाती है। मंदिरों में दर्शन के लिए सबसे अधिक भीड़ पंचमी और अष्टमी के दिन रहती है। जोन से चलने और निकलने वाली कई एक्सप्रेस ट्रेनें हैं, जिनका स्टापेज डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में नहीं होने के कारण यात्रियों को राजनांदगांव या फिर गोंदिया स्टेशन तक जाना मजबूरी होती है। इन स्टेशनों से यात्री दूसरी ट्रेन व अन्य संसाधन से डोंगरगढ़ तक आना-जाना करते हैं। यात्रियों की परेशानियों को देखते हुए रेल प्रशासन ने बिलासपुर से चलने वाली 10 एक्सप्रेस ट्रेनों का स्टापेज डोंगरगढ़ में देने का नोटिफिकेशन जारी किया है।




■ पंचमी से जाने वाले श्रद्धालुओं की शुरु हो गई ट्रेनों में भीड़

**हजारों यात्री हलाकान**

एक ट्रेन रायगढ़ से बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव से होकर डोंगरगढ़ तक चलती है। सभी ट्रेनों के डोंगरगढ़ में स्टापेज देने की शुरुआत के साथ ही बिलासपुर के अलावा अन्य स्टेशनों के हजारों यात्रियों ने दर्शन करने के लिए जाने बुकिंग करा ली थी। वहीं पंचमी और अष्टमी के दौरान मैहर और डोंगरगढ़ जाने वाले श्रद्धालुओं की काफी भीड़ हो जाती है, जिसमें महिलाओं की संख्या भी अधिक रहती है। आरक्षण कार्यालय के अनुसार बिलासपुर से डोंगरगढ़ और उसलापुर से मैहर तक चलने वाली ट्रेनों के स्लीपर कोच के साथ एसी कोच में अभी 500 से अधिक वेटिंग की स्थिति है। इसके कारण लोगों को जनरल कोच में सफर करना पड़ रहा है।

इसमें 22 सितम्बर से 1 अक्टूबर तक 20843 बिलासपुर-भगत की कोठी डोंगरगढ़ स्टेशन 21.56 से 21.58 बजे तक, 20844 भगत की कोठी-बिलासपुर एक्सप्रेस 05.34 से 05.36 बजे तक, 20845 बिलासपुर-बीकानेर एक्सप्रेस 21.56 से 21.58 बजे तक, 20846 बीकानेर-बिलासपुर एक्सप्रेस 05.34 से 05.36 बजे तक, 12851 बिलासपुर-चेन्नई एक्सप्रेस 12.16 से 12.18 बजे तक, 12852 चेन्नई-बिलासपुर एक्सप्रेस 10.17 से 10.19 बजे तक 12849 बिलासपुर-पुणे एक्सप्रेस 14.36 से 14.38 बजे तक, 12850 पुणे-बिलासपुर एक्सप्रेस 11.58 से 12.00 बजे तक, 12772 रायपुर-सिकंदराबाद एक्सप्रेस 18.30 से 18.32 बजे तक, 12771 सिकंदराबाद-रायपुर एक्सप्रेस 10.44 से 10.46 बजे तक रोकी जा रही है।

**अब नहीं चलेगी बहानेबाजी** | कलेक्टर के निर्देशानुसार तहसीलदारों ने जारी किया आदेश

# पटवारियों को करना होगा राशन कार्डों का सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राशनकार्डों के सत्यापन को लेकर अब पटवारियों की बहानेबाजी नहीं चलेगी। कलेक्टर द्वारा इस संबंध में तहसीलदारों के माध्यम से पटवारियों को आदेश जारी किया गया है। ऐसे अनेक किसान हैं, जिनके पास पांच एकड़ से कम भूमि है, लेकिन उनका नाम संदेहास्पद सूची में आ गया था। इसे लेकर वे पटवारियों का चक्कर लगा रहे थे, लेकिन पटवारी सत्यापन करने जैसा कोई आदेश जारी नहीं होने का बहाना कर हितग्राहियों को चलता कर रहे थे।

राज्य शासन द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिले में पात्रता आधारित राशन कार्डों की सघन जांच की जा रही है। इस प्रक्रिया का उद्देश्य केवल पात्र एवं वास्तविक जरूरतमंद परिवारों को ही योजना का लाभ देना है। जिले में प्राथमिक जांच में लगभग 7058 राशन कार्डधारी परिवारों की पहचान की गई है, जिनके स्वामित्व में 5



एकड़ से अधिक कृषि भूमि होने की संभावना है। इन परिवारों की पात्रता की पुष्टि के लिए भूमि स्वामित्व का भौतिक सत्यापन कराया जा रहा है।

दिक्कत यह है कि इस सूची में ऐसे किसानों के नाम भी शामिल हो गए हैं, जिनके पास पांच एकड़ से कम भूमि है, लेकिन उन्हें भी अधिक भूमि का मालिक मानते हुए संदेहास्पद सूची में शामिल कर लिया गया है। इस सूची से अपना नाम हटवाने के लिए संबंधित किसान अपने-अपने हल्का पटवारी के पास चक्कर लगाने लगे थे, ताकि रिकार्ड चेक करवाकर अपना नाम सूची से हटवा सकें। इधर पटवारियों को अब तक सत्यापन करने संबंधी किसी भी तरह का लिखित आदेश नहीं मिलने के कारण वे बगैर सत्यापन किसानों को चलता कर रहे थे।

यही कारण है कि इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा समस्त तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने अधीनस्थ पटवारियों के माध्यम से संबंधित ग्रामों में भूमि की वास्तविक स्थिति का सत्यापन कराएं एवं निर्धारित प्रपत्र में प्रमाणित विवरण उपलब्ध कराएं। प्रक्रिया का उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ देना व अपात्र परिवारों की पहचान कर लाभ से बाहर किया जाना एवं खाद्य वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाया जाना है। शासन का यह स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी पात्र परिवार को योजनाओं से वंचित नहीं किया जाएगा, तथा समस्त कार्यवाही नियमों के अंतर्गत पारदर्शी एवं संवेदनशील रूप में की जाएगी। विभाग द्वारा यह भी सुनिश्चित किया जा रहा है कि सभी राजस्व एवं खाद्य विभाग के अधिकारी परस्पर समन्वय स्थापित कर सत्यापन प्रक्रिया को समयबद्ध एवं व्यवस्थित रूप से पूर्ण करेंगे।




## खबर संक्षेप

### विष्णु बने नगर साहू समाज के अध्यक्ष



पथरिया। मंगलवार को नगर साहू समाज का चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में समाज के संरक्षक ओमप्रकाश साहू, अध्यक्ष रामकुमार साहू, निर्णायक समिति के पवित्र साहू सम्मिलित हुए। इस दौरान अध्यक्ष के रूप में विष्णु साहू, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, महिला उपाध्यक्ष नंदिनी साहू, संगठन सचिव रुक्मणी साहू एवं सचिव के रूप में सुरेश साहू को सर्वसम्मति से निर्विरोध चुना गया। बैठक ग्राम जुनवानी के सामाजिक भवन में आयोजित की गई, निर्वाचन के बाद पदाधिकारियों ने पूरी निष्ठा से सामाजिक विकास और कल्याण के लिये कार्य करने का संकल्प लिया। अध्यक्ष विष्णु साहू ने वरिष्ठ जनों से आशीर्वाद लेकर सभी का आभार जताया। इस अवसर पर बबला साहू, बुधारी साहू, प्रहलाद साहू, विष्णु साहू, संतोष साहू, राजू राम साहू, नवल साहू, मंत्री साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के लोग उपस्थित थे।

### 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त

मुंगेली। जिले में अवैध शराब पर रोक लगाने के लिए



आबकारी विभाग की ओर से लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आबकारी विभाग की टीम ग्राम कोदवाबानी में दबिश देकर 10 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर ली। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि, आरोपी लोकेश्वर निर्मलकर के विरूद्ध आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत कार्रवाई की जा रही है। इस कार्रवाई में आबकारी मुंगेली के प्रभारी जयसिंह मरकाम सहित स्टाफ के अधिकारी–कर्मचारी मौजूद रहे।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

रतनपुर। नेशनल हाईवे रोड जाली बेलतरा के पास



अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर रतनपुर पुलिस घटना स्थल पहुंची एवं शव को मरच्यूरी में रखा गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी की तलाश में में जुट गई है। रतनपुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार रात जाली-बेलतरा के पास नेशनल हाईवे पर एक अज्ञात वाहन ने एक युवक को टक्कर मार दी, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना पर रतनपुर पुलिस मौके पर पहुंची एवं घायल को रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

अनुपस्थित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग

# जनपद पंचायत की सामान्य सभा में उठा जर्जर स्कूल, अधूरी पानी टंकी का मुद्दा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर



जनपद पंचायत तखतपुर में शुक्रवार को सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष माधवी वस्त्रकर ने की। बैठक में तय एजेंडे के हिसाब से नहीं, बल्कि जनपद क्षेत्र के हिसाब से चर्चाएं हुई। सभी जनपद सदस्यों ने बारी-बारी अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित समस्याओं और आवश्यकताओं की जानकारी विभागीय अधिकारियों को दी और उक्त समस्याओं को दूर करने के लिए प्रस्ताव रखा। बैठक में सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र के अधिकांश स्कूल भवन जर्जर होने की बात कही, जिसे मरम्मत कराने प्रस्ताव किया गया। वहीं जनपद सदस्य अरुण चौहान ने अपने क्षेत्र में बने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा बनाई गई पानी टंकी और उसके उपयोग के संबंध में कहा कि, विभाग ने क्षेत्र में नल जल योजना को साकार करने के लिए पानी टंकी का निर्माण तो कर दिया गया, लेकिन उपयोग के लिए उसको अभी तक चालू नहीं हो किया गया है। गर्मी निकल गई, लोग पानी के लिए परेशान होते रहे। जनपद सदस्य बैठकों में अधिकारियों को अवगत करा कर जानकारी मांगते रहे, लेकिन ना तो किसी प्रकार जानकारी विभाग से प्राप्त हुई, और ना ही पानी टंकी चालू की गई। श्री चौहान ने जल्द पानी टंकी चालू कराने की मांग किया। साथ ही ग्राम परसदा की स्कूल में एक साथ चार स्कूल शिक्षकों की छुट्टी की जांच की मांग की। जनपद सदस्य ऋषभ कश्यप ने कहा कि, वन चेतना सकरी में 56 लाख की लागत से मरम्मत कार्य कराया गया है, लेकिन कोई कार्य धरातल पर नहीं दिख रहा है। जब सदस्यों की ओर से उक्त कार्यों के निरीक्षण की बात कही जा रही है तो लिए विभागीय अधिकारी इससे बचते नजर आ रहे हैं। इससे साफ है कि, कार्य ठीक से नहीं हुआ है। सदस्यों ने युक्त कार्य की जांच की मांग किया है। वही जनपद सदस्य रंजना कौशिक ने अपने क्षेत्र में स्थित हिर्री माइंस के सीमांकन कराए जाने और उनके द्वारा रास्तों पर किए गए अतिक्रमण हटाने का प्रस्ताव लाया। साथ ही अमसेना क्षेत्र में चल रहे कोल वाशरियों पर जांच करने तथा भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने मांग की। इसके अलावा क्षेत्र की जर्जर सड़कों के सुधार के लिए लोक निर्माण विभाग को बोला गया। जनपद सदस्य मनहरण कौशिक ने मत्स्य विभाग क मनमानियों को पटल पर रखा। इसी प्रकार अन्य सदस्यों ने भी अपने अपने क्षेत्र की समस्याओं को पटल पर रखे। वही रेशम विभाग, सौर ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभागों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, सीईओ सत्यव्रत तिवारी, जनपद सदस्य श्याम सिंह ध्रुव, दुर्गा राजू सिंह, ऋषभ कश्यप, बबीता देवी जांगड़े, लक्ष्मी दुर्गा साहु,संगीता, सीमा अश्वनी श्रीवास, गीता कृष्ण कुमार यादव, रामकुमार सिंगरौल, कविता महेश यादव, जया जलेश्वर साहू, रंजना तुलसी कौशिक, दिलीप कुमार ध्रुव, सालनी सुभाष गड़ेवाल, अरुण चौहान, परमेश्वर पटेल, सावित्री बलराम श्रीवास, रानी रवि सोनी, लखन लाल सूर्यवंशी, मेलन बाई हीरा सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।



## फ्लैक्स निकालने को लेकर पालिका में जमकर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतनपुर

धार्मिक नगरी रतनपुर मे नवरात्रि पर्व पर मां महामाया मंदिर में दर्शन के लिए दर्शनार्थियों की अपार भीड़ रहती है। दर्शनार्थियों के स्वागत के लिए जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर में जगह-जगह फ्लेक्स लगाए गए हैं। लेकिन मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तुगलगी फरमान जारी करते हुए सारे फ्लेक्स को निकालने के आदेश दे दिए, जिसमें कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव एवं कार्यकर्ताओं के फ्लेक्स मौजूद थे।

साथ ही उनमें मां महामाया मंदिर का छायाचित्र भी मौजूद था। इसकी जानकारी मिलने पर नगर के जनप्रतिनिधियों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका पहुंचकर जमकर हंगामा मचाया। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष कन्हैया यादव का महामाया चौक में दर्शनार्थियों का स्वागत के लिए फ्लेक्स लगाया गया है, जिसे उखाड़ने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी दल बल सहित पहुंचे, लेकिन उन्हें विरोध का सामना करना पड़ा। कन्हैया यादव ने कहा कि, नगर पालिका अध्यक्ष अपने पद का दुरुपयोग करते हुए नगर में हिटलरशाही कर रहे हैं एवं नगर पालिका में परिवारवाद चलाया जा रहा है। इस घटना की चर्चा पूरे शहर में हो रही है, जिससे आम जनों में भी आक्रोश बढ़ रहा है। नगर के जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को हटाने के मांग करते हुए नारेबाजी की।

## खुले में छोड़े पशुओं के मालिकों पर कार्रवाई तखतपुर प्रशासन ने दर्ज कराई एफआईआर

**तखतपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर तखतपुर प्रशासन ने एसडीएम के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम बनाकर बड़ी करवाई की।एसडीएम के मार्गदर्शन में राजस्व विभाग तखतपुर, पशुपालन विभाग तखतपुर और जनपद पंचायत तखतपुर



सीईओ की संयुक्त टीम गठित की गई। इस टीम ने क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया और पाया कि कई पशु मालिक लगातार नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं तथा अपने पशुओं को खुले में छोड़ रहे हैं । जांच रिपोर्ट के आधार पर प्रशासन ने संबंधित पशु मालिकों के विरुद्ध तखतपुर/सकरी थाने में दो एफआईआर दर्ज कराई हैं। एफआईआर निम्न प्रावधानों के तहत दर्ज की गईं-पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 की धारा 3 एवं 11, भारतीय न्याय संहिता की धारा 285, 291, इसके साथ ही एसडीएम कार्यालय से भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत समन भी जारी किए गए हैं, जिसके तहत संबंधित पशु मालिकों को न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखना होगा। प्रशासन और जनपद पंचायत तखतपुर टीम ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर रखें। सड़क पर छोड़े गए पशु दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं।

## विधायक ने किया उप तहसील का शुभारंभ

**मुंगेली।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधायक पुन्नूलाल मोहले की मांग को स्वीकार कर चकरभट्ठा उप तहसील की घोषणा की थी जिसके कार्यालय भवन का शुभारंभ विधायक एवं पूर्वमंत्री पुन्नूलाल मोहले ने किया। प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए तहसीलदार कुणाल पाण्डेय ने बताया कि चकरभट्ठा उप तहसील में एक राजस्व सर्किल, 62 गांव तथा 10 पटवारी हल्का आएंगे। नायब तहसीलदार का प्रभार



दिलीप खाण्डे को दिया गया है। प्रारंभ में यहां पूर्ण सेटअप होते तक लिंक कोर्ट के रूप में कार्य होगा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने उद्बोधन में चकरभट्ठा उप तहसील की सौगात मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधायक पुन्नूलाल मोहले का आभार जताया। उप तहसील शुभारंभ अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, जिला भाजपा अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी, पूर्व अध्यक्ष शैलेश पाठक, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीकांत भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, जिला भाजपा उपाध्यक्ष सुनील पाठक, जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि देवचरण भास्कर, लोकनाथ सिंह, मानिकलाल सोनवानी, शिवकुमार बंजारा, रामाधार जायसवाल, मानस सिंह बैस, नानेश साहू, सोम वैष्णव, मनोहर मोहले, राकेश साहू, श्रीहरि सिंह परिहार, तहसीलदार कुणाल पाण्डेय, नायब तहसीलदार दिलीप खाण्डे तथा सरपंच एवं पंचगण व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रोट्रैक्ट क्लब के गरबा महोत्सव की धूम

**मुंगेली।** रोट्रैक्ट क्लब मुंगेली की ओर से विगत 22 वर्षों से लगातार नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष भी 25 से 29 सितंबर तक पांच दिवसीय रोट्रैक्ट गरबा महोत्सव का आयोजन नगर के हृदय स्थल नगर पालिका स्कूल प्रांगण में किया जा रहा है। रोट्रैक्ट गरबा महोत्सव 2025 के आयोजन के पूर्व ट्रेनिंग का आयोजन किया गया था, जिसमें 300 बालिकाओं



एवं महिलाओं को गरबा के नए-नए स्टेप सिखाए गए। गरबा महोत्सव में प्रवेश हेतु पास की व्यवस्था की गई है एवं पास एवं मातृशक्ति के साथ ही प्रवेश दिया जा रहा है। इस वर्ष गरबा महोत्सव में आकर्षक पुरस्कार सर्वोत्तम गरबा परिधान, सर्वोत्तम गरबा नृत्य पुरस्कार प्रतिदिन सर्वश्रेष्ठ पांच महिलाओं एवं बालिकाओं को दिया जाएगा।

आयोजन को सफल बनाने के लिए क्लब के अध्यक्ष विकास जैन, सचिव निलेश केसरवानी, गरबा कार्यक्रम प्रभारी रविंद्रर छाबड़ा, दिनेश गोयल एवं क्लब के सदस्य रामशरण यादव, कमल कोठारी, संदीप चोपड़ा, रितेश अग्रवाल, राजू श्रीवास्तव, गिरीश सुथार, श्रेणिक पारख, धीरज जैन, नितेश ठाकुर, दीपक कोटडिया, विनय लूनिया, संजीव जैन, मनीष वाधवा, अनीस सोनी, कैलाश देवांगन, राहुल वधवा, अनीश जैन, अतुल रोहरा सदस्य जुटे हुए हैं।



## खबर संक्षेप

### स्वामी आत्मानंद आदर्श महाविद्यालय में मना सेवा पखवाड़ा



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। महाविद्यालय परिसर के गार्डन में श्रमदान कर सफाई की गई और स्वच्छता का संदेश दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.यूके श्रीवास्तव ने छात्रों और शिक्षकों को स्वच्छता का महत्व बताया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय से डॉ. आर.के. सचदेव, डॉ. बी.के. त्रिपाठी, प्रो. एल.के.गवेल, डॉ. रामेश्वरी बंजारा, डॉ. श्वेता श्रीवास, डॉ. अविनाश सिंह ठाकुर, कृतिका साहू, सिद्धंत शर्मा, जी.आर.सलाम, राजेश राज, राजेश उईके, मांसी शर्मा, श्रीवाणी शर्मा, सौरभ साहू आदि मौजूद थीं।

### सीवी रमन विश्वविद्यालय ने प्रियंका को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** कोटा स्थित डा. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने प्रियंका पांडेय को पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने



वेजिटेवल आधारित मिट्टी पर ओवरव्यू आफ माइक्रो वेव डीइलेक्ट्रिक बिहेवियर आफ वेजिटेबल बेस्ड साइल पर शोध किया है। उन्होंने यह कार्य विज्ञान संकाय के डीन डॉ एके. श्रीवास्तव के निर्देशन में पूरा किया। वर्तमान में बिलासा कन्या महाविद्यालय में कार्यरत है।

### सीवी रमन विश्वविद्यालय ने प्राची को दी पीएचडी

**बिलासपुर।** डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय ने प्राची तिवारी को भौतिकी में उनके शोध विषय ओवरव्यू एण्ड एनालिसिस



आन माइक्रोवेव रिमोट सेंसिंग डाइ-इलेक्ट्रिक विहेवियर आफ सोवाएल इन इंडिया के लिए डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने यह शोधकार्य सीवी रमन विश्वविद्यालय डॉ. एके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। प्राची प्रो. केपी तिवारी और इंदु तिवारी की पुत्री हैं। वर्तमान में प्राची स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, कोटमी-कला पेंड्रा में व्याख्याता है।

### डॉ बृजेश सिंह का ग्रंथ आलेख सुमन विमोचित



**बिलासपुर।** विकास संस्कृति साहित्य अकादमी के तत्वावधान में साहित्यकार डॉ.बृजेश सिंह का आलेख संग्रह आलेख सुमन का विमोचन श्री श्री 108 चंद्रमौली मुनि उदासीन के मुख्यातिथ्य तथा अनिल टाह की अध्यक्षता एवं एवं एम पी साहा, एम के जैन व एस के सिंह के विशेष आतिथ्य में स्थानीय उदासीन आश्रम में किया गया। अतिथियों ने 'आलेख सुमन' आलेख संग्रह को पर्यावरण विमर्श की दृष्टि से महत्वपूर्ण शोध संदर्भ ग्रंथ निरूपित करते हुए शोधार्थीगण के लिए अत्यन्त उपयोगी निर्दिष्ट किया। आलेख सुमन आलेख संग्रह का प्रकाशन साहित्य ग्राम पब्लिकेशन ने किया है। इस ग्रंथ का कुशल सम्पादन प्राध्यापक डॉ रवीन्द्र पी ठाकरे ने किया है। यह जानकारी प्रदीप कुमार ने दी।

### रामा लाइफ बस्ती में विजय दशमी उत्सव और पथ संचलन कल

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ 100 वर्ष पूरा होने पर अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर 28 सितंबर को पंच परिवर्तन संकल्प के साथ रामा लाइफ बस्ती विजय दशमी उत्सव एवं पथ संचलन का कार्यक्रम होगा। इसके मुख्य वक्ता जिला सह बौधिक प्रमुख सुनील चौहान होंगे। यह उत्सव ऋषि माण्डुक्य शाखा श्रीराम वाटिका रामा लाइफ सकरी में शाम 5 बजे से शुरू होगा। मुख्य अतिथि सिंधी पंचायत सकरी के अध्यक्ष परमानंद खत्री होंगे। पथ संलचन शाम 4 बजे नेचर सिटी बड़ा गार्डन में होगा। कार्यक्रम के आयोजक शाखा कार्यवाह सुरेश अग्रवाल, संदीप शर्मा ने बताया कि आयोजन को लेकर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों में काफी उत्साह है एवं कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है। पथ संचलन कार्यक्रम 28 सितंबर रविवार को नेचर सिटी से रामा लाइफ श्रीराम वाटिका मंदिर परिसर तक जाएगी।

**बच्चे आठ किलो भारी बस्ता लेकर पहुंच रहे स्कूल** | **योग, पीटी, खेलकूद, संगीत-नाटक-कहानी जैसी गतिविधियां कुछ नहीं**

# बैगलेस डे बस नाम का, स्कूलों में ना खेल सामग्री, ना वाद्ययंत्र

**बिलासपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में दूसरे और चौथे शनिवार को बैगलेस-डे का नियम है, इस दिन बच्चों को स्कूलों में बैग लेकर नहीं जाना है। क्योंकि स्कूलों में इस दिन बच्चों को योग, पीटी, खेलकूद, संगीत-नाटक-कहानी जैसी गतिविधियां करवानी हैं। स्कूलों में लेकिन तय कैलेंडर के हिसाब से गतिविधियां संचालित नहीं करवाई जा रही हैं।

बता दें कि बच्चों को स्कूली शिक्षा को रोचक, व्यावहारिक और अपने आस-पास के माहौल से जोड़ने के लिए ये व्यवस्था शुरू की गई है लेकिन शिक्षकों की उदासीनता के चलते निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है। बच्चे शनिवार के दिन भी बैग लेकर




स्कूल पहुंच रहे हैं। न हीं इन्हें बैगलेस-डे के बारे में कोई जानकारी है। न किसी प्रकार की खेल व शरीरिक व मानसिक गतिविधियां हो रहीं हैं। कुछ शिक्षकों का कहना है कि उन्हें इस तरह की गतिविधियों के संचालन के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण या संसाधन नहीं मिले हैं। कई स्कूलों में खेल सामग्री, माइक, संगीत वाद्ययंत्र जैसी सुविधाएं भी नहीं हैं। बच्चों और अभिभावकों का कहना है कि शनिवार को भी बैग लेकर बुलाया जा रहा है। ऐसे में बच्चों को जो शनिवार को पारंपरिक पढ़ाई की बजाय अन्य गतिविधियों पर जोर दिया जाना है जो स्कूलों में नहीं दिया जा रहा है। प्राइमरी के विद्यार्थी पांच तो मिडिल के आठ किग्रा भारी बस्ता लटका कर स्कूल पहुंच रहे हैं। स्कूली छात्रों के मुताबिक स्कूल में पहले शनिवार के दिन बिना बैग के बुलाते थे और स्कूल में उस दिन सुबह योग और फिर खेल प्रतियोगिताएं व अन्य कार्यक्रम कराए जाते थे। अब शनिवार के दिन भी बैग लेकर बुलाया जाता है और पढ़ाई होती है।

### यह है विभाग के नियम

| | | |
|---|---|---|
| पहली से दूसरी | - | स्कूल बैग का वजन 1.5 किलोग्राम से अधिक नहीं होना चाहिए |
| तीसरी से पांचवीं | - | स्कूल बैग का वजन 2-3 किलोग्राम तक होना चाहिए |
| छठवीं से सातवीं | - | स्कूल बैग का वजन 4 किलो से अधिकनहीं होना चाहिए |
| आठवीं से नौवीं | - | स्कूल बैग का वजन 4.5 किलो तक हो |

10वीं कक्षाः स्कूल बैग का वजन 5 किलो से अधिक नहीं होना चाहिए।

### कैलेंडर तय है, लेकिन पालन नहीं हो रहा

इसके अलावा स्कूल शिक्षा विभाग ने हर शनिवार के लिए एक निर्धारित गतिविधि कैलेंडर जारी किया है इस कैलेंडर में कक्षा अनुसार गतिविधियों का पूरा विवरण है लेकिन अधिकतर स्कूलों में इसे नजरअंदाज किया जा रहा है। नतीजतन, बच्चों को न खेल मिल रहा है, न रचनात्मक सीख। इसके साथ ही समय सारणी में संशोधन के बाद भी इसे लागू नहीं किया जा रहा है।

### बैगलेस-डे के दिन होनी हैं ये गतिविधियां

बैगलेस-डे के दिन स्कूलों में अलग-अलग समय निधारित कर योग-व्यायाम, एक दूसरे से सीखना, समूह अधिगम, खेल और पुस्तकालय, समूह कार्यक्रम, सांस्कृशिक एवं साहित्यिक गतिविधियां होंगी। कक्षा पहली से 8वीं तक के स्कूलों में व्यायाम, योग, क्रीड़ा प्रतियोगिता, साहित्यिक-सांस्कृतिक गतिविधियां, मूल्य-शिक्षा, कला-शिक्षा, पुस्तकों के अतिरिक्त पुस्तकालय एवं अन्य पठन सामग्रियों का उपयोग किया जाना है।


### बच्चों को नहीं ले जाना है बैग

प्रदेश के सरकारी स्कूलों में दूसरे और चौथे शनिवार को बैगलेस-डे का नियम है, इस दिन बच्चों को स्कूलों में बैग लेकर नहीं जाना है। क्योंकि स्कूलों में इस दिन बच्चों को योग, पीटी, खेलकूद, संगीत-नाटक-कहानी जैसी गतिविधियां करवानी हैं। जिन स्कूलों में ऐसा नहीं हो रहा होगा तो उन स्कूलों में बैगलेस-डे की शुरूआत कराई जाएगी।

**- विजय तांडे,** जिला शिक्षा अधिकारी, बिलासपुर

**सीवीआरयू में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं आत्मनिर्भर भारत 2047 पर संगोष्ठी**

# आर्थिक और सांस्कृतिक आजादी ही आत्मनिर्भर भारत की नींव : तोखन



पत्रिका का विमोचन करते केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, कुलपति सहित अन्य अतिथि।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और भारतीय शिक्षा में रूपांतरण एक दीर्घकालीन दृष्टि बोध और आत्मनिर्भर भारत 2047 विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 क्रियान्वयन प्रकोष्ठ एवं आइक्यूएसी द्वारा आयोजित किया गया। इसके मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि 1947 में हमें एक राजनीतिक, क्षेत्र की आजादी मिली थी । अब हमें आर्थिक आजादी और सांस्कृतिक आजादी की ओर तेजी से आगे बढ़ाना है। यही आत्मनिर्भर भारत की नींव है । उन्होंने कहा कि यह केवल चर्चा नहीं है, यह भारत के भविष्य की नींव है। उन्होंने कहा कि हमें आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए अपनी शक्ति को पहचानना है। स्वदेशी उत्पादों को खरीदना है ,लघु एवं कुटीर उद्योगों के सिर पर हाथ रखना है। उन्हें बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत की ओर चलना सही मायने में संस्कृति के प्रति गर्व करने का आंदोलन है। उन्होंने कहा कि हमें आत्मनिर्भर होना हर क्षेत्र में जरूरी है। उन्होंने कहा कहा कि प्रधानमंत्री ने सपना देखा था कि हर युवा को प्रतिभा मिले, हमारा युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, नौकरी देने वाला युवा बने और यह सपना साकार हो रहा है।

उन्होंने कहा कि हर घर में एक ऐसा पत्रक होना चाहिए जिसमें स्वदेशी और विदेशी उत्पादों की जानकारी बहुत स्पष्ट हो। उन्होंने कहा कि छोटी सोच छोटा संकल्प देश को बहुत बड़ी ऊंचाइयों तक ले जा सकता है।

### हम उन्नति करते हैं तब हमारी शिक्षा और भी समृद्धि दिशा में आगे बढ़ती

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि स्वदेशी और आत्मनिर्भर भारत से वैश्विक स्वतंत्रता की ओर भारत तेजी से कदम बढ़ाएगा। शिक्षा और उन्नति एक दूसरे के पूरक हैं। जब हम शिक्षा में आगे बढ़ते हैं तो हमारी उन्नति होती है और जब हम उन्नति करते हैं तब हमारी शिक्षा और भी समृद्धि दिशा में आगे बढ़ती है। प्रोफेसर घोष ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में कौशल राष्ट्रीय शिक्षा नीति में लचीलापन सहित अनेक विषयों पर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत 2047 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में ही आत्मनिर्भर भारत की शक्ति निहित है।

### हम युवाओं को उद्यमी बना रहे : कुल सचिव

विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने कहा कि स्वदेशी उत्पाद के शोध एवं विकास का कार्य 2018 विश्वविद्यालय ने प्रारंभ किया । 2024 में भारत सरकार के इनक्यूबेशन सेंटर की स्थापना भी विश्वविद्यालय में की गई है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार के आईटीआई स्थापित कर हम युवाओं को उद्यमी बना रहे हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की सम कुलपति डॉ जयति चटर्जी उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन डॉ ब्रमेश श्रीवास्तव ने किया।

### इलेक्ट्रानिक बर्ड में 10 प्रतिशत अतिरिक्त लाभ के साथ पाएं शानदार आफर्स

**बिलासपुर।** इलेक्ट्रानिक बर्ड में बम्पर बचत का महासंग्राम इस नवरात्रि चलाया जा रहा है। इसके डायरेक्टर ने बताया कि जीएसटी में कटौती का सबसे बड़ा फायदा सीधे ग्राहकों को मिल रहा है। अब एसी और एलईडी पर जीएसटी दर 28% से घटकर 18% हो गई है। इसका सीधा 10% अतिरिक्त लाभ हम ग्राहकों को दे रहे हैं।

उन्होंने बताया कि इन 7 शानदार ऑफर्स के साथ अपनी बचत को करें कई गुना। इसमें जीएसडी स्पेशल लाभ एसी और एलईडी की खरीद पर 10% का अतिरिक्त सीधा डिस्काउंट के साथ मिल रहा है। नवरात्रि कैश बैक खरीदारी पर पाएं 15% तक निश्चित कैश बैक, महा-लकी ड्रा में अपनी किस्मत आजमाएं। इस बार 2 शानदार ई-बाइक सहित कुल 101 लकी ड्रॉ




**बिजनेस प्लस**

इनाम जीतें। वहीं शॉप एंड विन ऑफर में हर खरीदारी पर निश्चित इनाम, तुरंत जीतें स्पीकर, एयरपॉड्स, स्मार्टवॉच, नेकबैंड और ढेरों आकर्षक उपहार, चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर कंपनी की तरफ से अतिरिक्त वारंटी पाएं। हमारे यहाँ हर खरीदारी पर आपको मिलेगा एक निश्चित आकर्षक फ्री गिफ्ट। इन सभी ऑफर्स के पर पाएं विशेष त्योहार डिस्काउंट।

### किम्स के डा. रवि ने जटिल आपरेशन कर दो मरीजों का बचाया जीवन

**बिलासपुर।** मगरपारा रोड स्थित किम्स सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने एक बार फिर चिकित्सा क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता साबित की है। हाल ही में यहां दो महिलाए कोमल और शिखा (परिवर्तित नाम) का बड़े ओवेरियन ट्यूमर का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया।

इन दोनों जटिल सर्जरी का नेतृत्व वरिष्ठ सर्जन डॉ. रवि शेखर ने किया। करहि जांजगीर चांपा की एक महिला पेट फूलने के साथ पेट दर्द की गंभीर समस्या से जूझ रही थी। जिन्हे जांच कराने पर पता चला की इन्हे ओवेरियन ट्यूमर है जिसे ऑपरेशन से निकलना ही एक मात्र उपाए है। वो किम्स हॉस्पिटल में डॉक्टर वाय रवि शेखर से मिली। उनकी सहमति लेकर लगभग 1 घंटे चले ऑपरेशन के बाद



**हेल्थ प्लस**

मरीज के ट्यूमर को निकला जो की करीब 4.5 किलो का था। जिसके बाद मरीज स्वस्थ है। ऐसे ही एक दूसरी मरीज जिनको जब किम्स हॉस्पिटल में लाया गया तो उसकी स्थिति बेहद गंभीर थी। पेट दर्द के साथ सांस लेने में भी दिक्कत थी। जांच में पता चला की इनको एक बड़ा काम्प्लेक्स ट्यूमर था।

### एसईसीएल में निःशुल्क आयुर्वेदिक न्यूरोथैरपी एवं पंचकर्म कैंप का शुभारंभ



**बिलासपुर।** एसईसीएल सीएमडी हरीश दुहन के दिशा-निर्देश से स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत एक और ऐतिहासिक पहल करते हुए प्रियदर्शिनी क्लब, इंदिरा विहार कॉलोनी में निःशुल्क आयुर्वेदिक न्यूरोथैरेपी एवं पंचकर्म कैम्प का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने इसका शुभारंभ 26 सितम्बर को किया। इस अवसर पर डॉ. श्रुतिदेव मिश्रा (प्रमुख चिकित्सा सेवायें, एसईसीएल), डॉ. महेन्द्र रघुवंशी (एमडी न्यूरोथेरेपी एवं वात रोग विशेषज्ञ), महाप्रबंधक (कल्याण) श्यामला राव, महाप्रबंधक (सीएसआर) सी.एम. वर्मा, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन-प्रशासन/जनसंपर्क/राजभाषा) मनीष श्रीवास्तव, प्रबंधक (सिविल) भानु सिंह की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि बिरंची दास ने कहा कि आधुनिक जीवनशैली और मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से उत्पन्न दुष्प्रभावों से बचाव के लिए हमारी पुरातन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धतियां प्रभावी हैं। डॉ. महेन्द्र रघुवंशी ने आयुर्वेदिक न्यूरोथैरेपी एवं पंचकर्म की विशेषताओं एवं उनके लाभों के बारे में बताया। कार्यक्रम में उद्घोषणा का दायित्व वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन-कल्याण) ने निभाया ।

### जिला उद्योग संघ के स्वच्छता अभियान में कलेक्टर ने किया श्रमदान



**बिलासपुर।** जिला उद्योग संघ द्वारा 26 सितम्बर शुक्रवार को स्वच्छता श्रमदान का औद्योगिक प्रक्षेत्र सिरगिट्टी में आयोजन कर स्वच्छता का सन्देश उद्योगों,उद्योग पतियों एवं कार्यरत कर्मचारियों को दिया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल के नेतृत्व में औद्योगिक प्रक्षेत्र की सड़को, निर्मित नाली और आस पास के जगहों की झाड़ू से सफाई की गई। श्री अग्रवाल ने कहा की स्वच्छता और स्वास्थ्य एक दूसरे के पर्याय है। कार्य स्थल स्वच्छ रखने से स्वास्थ्य अच्छा रहेगा तो कार्य अच्छा होगा मन प्रसन्न रहेगा। उन्होंने किसी भी प्रकार का नशा ना करने अपील की। कार्यक्रम का संचालन उद्योग संघ के महा सचिव शरद सक्सेना ने किया। कार्यक्रम में जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष सतीश शाह, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के मुख्य महा प्रबंधक का स्वागत राम सुखीजा, छग लघु एवं सहायक उद्योग संघ के जिला अध्यक्ष हरीश केडिया, बीईसी फर्टिलाइजर के वाइस प्रेसिडेंट एनएस राजू , सीएसआईडीसी के प्रबंधक पवन ओझा, अरुण अग्रवाल, एके प्रोडक्ट्स, जितेन्द्र गांधी, जेके इंडस्ट्री, श्री हनुमान अग्रवाल राम सुखीजा ,मुकेश लालचंदानी आदि मौजूद थे।

### मुस्लिम समाज ने बाढ़ प्रभावितों के लिए दिए 3 लाख 11 हजार



**बिलासपुर।** पंजाब में बाढ़ से आई त्रासदी से परेशान पीड़ितों के लिए के सहायता के लिए शहर के मुस्लिम समाज ने 3 लाख 11 हजार 786 रुपए की सहायता दी है। इस संबंध में बिलासपुर मुस्लिम समाज ने दयालबंद गुरुद्वारा पहुंचकर गुरु सिंह सभा दयालबंद के अध्यक्ष मनदीप सिंह गंभीर, पूर्व अध्यक्ष तथा वर्तमान सचिव अमरजीत सिंह दुआ को पंजाब बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए 3 लाख 11 हजार 786 की राशि गुरुद्वारा कमेटी को दी है। इस अवसर पर उसकी देन कमेटी के प्रमुख शेख नजीरुद्दीन, एस ए कादिर, महेंद्र सिंह गंभीर, रणजीत सिंह राजपाल, महेंद्र सिंह छाबड़ा, नरेंद्र पाल सिंह गांधी, दर्शन छाबड़ा, रणवीर सिंह होरा, जशपाल सिंह छाबड़ा, पेश इमाम सैयद जाहिर आगा,वाहिद उल्लाह भाई युसूफ हुसैन बंटी, इमरान, इकबाल हक, हाजी निसार, पिंटू, नासिर नवाब, जहू, सज्जू, यासर, हाजी भय्यू, बबली, जफर आगा, राजू खान, रियाज, हाफिज, गौस, शाहिद,अबरार, रब्बानी, शकील, अकबर, आदिल, इंसान अली, दुलारे, सफीक साबरी आदि मौजूद थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने मां महामाया के किए दर्शन



**बिलासपुर।** हरदी बाजार से लौटते हुए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रतनपुर मां महामाया मंदिर पहुंचे। नवरात्रि पर मां महामाया का दर्शन कर राज्य की खुशहाली एवं सुख शांति की प्रार्थना की।

इस अवसर पर विधायक कोटा अटल श्रीवास्तव, दिलीप लहरिया, विधायक भाटापारा इंद्र शाह, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, सियाराम कौशिक, पूर्व खनिज निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन, माँ महामाया ट्रस्ट के अध्यक्ष आशीष सिंह ठाकुर, राजेंद्र शुक्ला, प्रमोद नायक, अभय नारायण राय, जितेंद्र पांडे, शिवबालक कौशिक, पूर्व महापौर रामशरण यादव, जिला अध्यक्ष विजय केशरवानी, राजेंद्र साहू, नानक रेलवानी, शिव सिंह ठाकुर, आलोक चंद्राकर, शीतल जायसवाल, सुभाष अग्रवाल, आनंद जायसवाल, मदन कहर, पुष्प कांत कश्यप आदि मौजूद थे।



**बिलासपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज हरदी बाजार एवं रतनपुर प्रवास पर रहे। दोपहर 12 बजे हरदी बाजार जाते समय पेंड्रीडीह बाईपास पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के नेतृत्व में पेण्ड्री डीह बाईपास पर कांग्रेस नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का स्वागत किया। राजेंद्र शुक्ला, प्रमोद नायक के नेतृत्व में कांग्रेस जनों ने स्वागत किया। श्री बघेल का वहां मौजूद कांग्रेसजनों ने माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर संजीत बनर्जी, आत्मा सिंह छतरी, शिव बालक कौशिक, जितेंद्र पांडे, अभय नारायण राय, नानकरेल वानी, बृजेश शर्मा, बृजेश दुबे, विनोद दिवाकर आदि मौजूद थे।

■ कोटा विधायक अटल ने किया स्वागत







नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरा की अग्रिम शुभकामनाएँ
सुमीत बाजार TM
999
दिन रात ऑफर्स
999/-में 2 सूट पीस
999/-में 2 ब्रांडेड कुर्ता
999/-में 2 मेन्स कोर्ड सेट
999/-में 3 साड़ियाँ
999/-में 3 प्रीमियम ब्रांडेड ब्वॉयज टीशर्ट
999/-में 3 डबलबेड मिंक ब्लांकेट
999/-में 4 मेन्स शर्ट
999/-में 4 कोर्ड सेट
999/-में 4 डबल बेडशीट
ऑफर सुमीत बाजार के सभी स्टोर्स पर... ऑफर स्टॉक रहने तक
*condition apply दिखाये गये चित्र प्रोडक्ट से भिन्न हो सकते हैं
राव ट्रेड सेंटर, सत्यम टॉकिज के पास, लिंक रोड, बिलासपुर
FOR FRANCHISE ENQUIRY - 91096 47300 | info@sumeetbazaar.com | www.sumeetbazaar.com | CUSTOMER CARE 89820 44000

तापमान
अधिकतम 33.2 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया







**खबर संक्षेप**

## लोनि विभाग के 7 मुख्य अभियंता इधर से उधर

**बिलासपुर।** शासन ने लोक निर्माण विभाग ने सात मुख्य अभियंताओं के नवीन पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। विभाग द्वारा मंत्रालय से जारी आदेश के अनुसार प्रमुख अभियंता कार्यालय नवा रायपुर में वास्तुविद, डिजाइन एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता आरके रात्रे की बिलासपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता के रूप में नवीन पदस्थापना की गई है। सरगुजा परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता नागेश कुमार जयंत को दुर्ग परिक्षेत्र, एडीबी परियोजनाओं के निदेशक पीएम कश्यप को रायपुर परिक्षेत्र, राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता एमएल उरांव को बस्तर परिक्षेत्र तथा रायपुर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता ज्ञानेश्वर कश्यप को राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र का मुख्य अभियंता बनाया गया है। राज्य शासन द्वारा बस्तर परिक्षेत्र के मुख्य अभियंता जीआर रावटे की प्रमुख अभियंता कार्यालय, नवा रायपुर में वास्तुविद, डिजाइन एवं सूचना प्रौद्योगिकी प्रकोष्ठ के मुख्य अभियंता के रूप में नई पदस्थापना की है।

# नवरात्रि : टैक्स कटौती का असर, खूब बिक रहे एसी, टीवी और कारें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक तरफ धार्मिक पर्व की शुरुआत और जीएसटी में कटौती ने बाजार में जैसे बूम ला दिया है और खरीददारी को पंख लग गया है। टैक्स कटौती से उपभोक्ता की जेब पर भार कम हुआ। ऑटोमोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों की कीमतें घटते ही ग्राहकों की भीड़ दुकानों व शोरूमों पर उमड़ पड़ी है। व्यापारी भी मान रहे हैं कि जीएसटी दरों में कमी और त्योहार का संयोग इस बार बिक्री को रिकॉर्ड स्तर तक पहुंचा सकता है। दिवाली से पहले ही बाजार में लोग पहुंच रहे हैं। इन सबके बीच सार्वजनिक क्षेत्रों में 70 करोड़ का बोनस भी बांटा जा रहा है जो कि लोगों को खरीददारी में और सहयोग कर रहा है। नवरात्रि के दौरान ही 100 करोड़ तो धनतेरस के साथ ही दिवाली तक 500 करोड़ के कारोबार की बात कही जा रही है।




अकेले मारुति ने प्रदेश में 7 हजार कारें बेच ली हैं तो सभी कंपनियों को मिलाकर 20 हजार चारपहिया लोगों ने खरीद ली है। दो पहिया वाहन भी खूब बिक रहे हैं।

जीएसटी में छूट का असर ऑटोमोबाइल सेक्टर से लेकर इलेक्ट्रॉनिक बाजार और रोजमर्रा से जुड़ी वस्तुओं पर देखने को मिल रहा है। एयर कंडीशनर, डिशवॉशर और प्रोजेक्टर जैसे उत्पादों पर जीएसटी 28 से घटाकर 18 प्रतिशत हो गया है। त्योहारी सीजन के दौरान इस राहत ने उपभोक्ताओं में उत्साह भर दिया है। आमजन को 5 से 10 हजार का फायदा विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर मिल रहा है। एयर कंडीशनर, 32 इंच से बड़े एलईडी टीवी और डिशवॉशर खूब बिक रहे हैं। व्यापारियों का मानना है कि नवरात्रि के दौरान बाजार में काफी रौनक है। इसके बाद जैसे ही दिवाली का सीजन नजदीक आएगा, वैसे ही बाजार और गुलजार होगा।

**टैक्स में कटौती से एसी और टीवी की बिक्री में 30-35 प्रतिशत की वृद्धि**

**अकेले मारुति ने बेची 7 हजार कारें, प्रदेश में 20 हजार कारें बिकीं, एसईसीएल में एक लाख, एनटीपीसी में 90 हजार, रेलवे में 17 हजार का बोनस**



### फोर व्हीलर

| कंपनी | कटौती (रुपए में) | खास बात |
|---|---|---|
| मारुति सुजुकी | 1.29 लाख तक | जीएसटी के अलावा अतिरिक्त छूट भी दी गई है |
| टाटा मोटर्स | 1.45 लाख तक | नेक्सन पर सबसे ज्यादा छूट दी जा रही है |
| महिंद्रा | 1.56 लाख तक | एक्स्ट्रा बेनिफिट के साथ 2.56 लाख तक की बचत |
| हुंडई | 2.40 लाख तक | क्रेटा एसयूवी पर 38,311 रुपए की कटौती |
| टोयोटा | 3.49 लाख तक | प्रीमियम मॉडल्स पर बड़ी छूट दी जा रही है |
| बीएमडब्ल्यू | 13.6 लाख तक | लक्ज़री सेगमेंट में सबसे बड़ी कटौती हुई |

### चौपहिया वाहनों पर 2.50 लाख तक की बचत

चौपहिया वाहनों पर भी 45 हजार से 2.50 लाख रुपए तक की बचत हो रही है। नए नियम के अनुसार 4 मीटर से कम लंबाई वाली 1,200 सीसी से कम पेट्रोल कारें और 1,500 सीसी से कम डीजल कारों पर अब केवल 18% जीएसटी लगेगा। पहले यह वाहन 28% जीएसटी के दायरे में आते थें। इसके अलावा लग्ज़री कारें अब केवल 40% जीएसटी के दायरे में आएंगी। इन पर कोई सेस नहीं लगेगा। मारुति सुजुकी की सबसे सस्ती कार एस प्रेसो हो गई है जो अब केवल 3,49,900 रुपए में मिल रही है। ब्रेजा, ऑल्टो, वैगनआर और स्विफ्ट इत्यादि सभी कारों में छूट दी जा रही है।

### त्योहार में कपड़े, गहने, वाहन, रियल स्टेल में होंगे खर्च




दूसरी ओर बोनस के पैसे को त्योहार में कपड़े, गहने, वाहन, रियल स्टेल में खर्च किया जा रहा है। इस प्रकार कपड़े और गहने व कुछ हद तक इलेक्ट्रानिक आयटम को त्योहार के मद्दैनजर कॉमन सेक्टर कहा जा रहा है। वहीं अधिक एरियर या बोनस वाले, वाहन खासकर फोर व्हीलर और रियल स्टेट की ओर मूव करेंगे, क्योंकि उनके पास डाउन पेमेंट के लिए एक बेहतर विकल्प एरियर व बोनस के रूप में होता है।

### दो पहिया वाहन

| कंपनी | कटौती (रुपए में) | खास बात |
|---|---|---|
| हीरो मोटोकॉर्प | 15,743 तक | करिज़्मा पर सबसे अधिक कटौती |
| सुजुकी | 18,024 तक | व्ही-स्टार्म के दाम सबसे ज्यादा घटे |
| बजाज ऑटो | 20 हजार तक | डोमिनार मॉडल पर सबसे ज्यादा छूट |
| यामाहा | 17 हजार 581 तक | आर15 के साथ इंश्योरेंस बेनिफिट भी मिल रहा |
| टीवीएस मोटर्स | 14,हजार 330 तक | रोनिन पर कंपनी ने तगड़ी छूट दी है |
| ऑडी | 7.83 लाख तक | प्रीमियम सेगमेंट में महत्वपूर्ण कटौती हुई है |

### कम हुई हैं कीमतें

जिन कारों की लंबाई चार मीटर से कम है, उनकी कीमतें काफी कम हुईं हैं। जिन पेट्रोल कारों का इंजन 1200 सीसी तक है, उनकी कीमतों में भी गिरावट आई है। इनमें मारुति की बलेनो, डिजायर, ऑल्टो, वैगन-आर जैसी कारें शामिल हैं। इसके साथ ही टाटा की पंच, टियागो, नेक्सॉन और दूसरे वाहन शामिल हैं। फोक्सवैगन वर्टस, महिंद्रा थार रॉक्स आदि जैसी कारें भी सस्ती हुईं हैं।

- **आशीष खेड़िया,** संचालक, मारुति आटो मोबाइल

### अर्थव्यवस्था होगी मजबूत

बाजार में जब पैसा आता है, तो इससे अर्थव्यवस्था भी मजबूत होती है। जीएसटी का फायदा डबल रूप से लोगों को मिलेगा क्योंकि फिलहाल त्योहारी सीजन है और इसके बाद शादियों का सीजन शुरू हो जाएगा। ऐसे में आने वाले महीनों में इलेक्ट्रॉनिक और दूसरे सेक्टरों में रिकॉर्ड स्तर की बिक्री हो सकती है। वहीं सरकार को टैक्स कलेक्शन में बढ़ोतरी से अप्रत्यक्ष फायदा मिलेगा।

- **राज अग्रवाल,** कर सलाहकार



## खबर संक्षेप

### दिवंगतों के परिजन को दिए गए नियुक्त पत्र

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिले के दिवंगत शासकीय सेवकों के परिजनों को जिला कलेक्टोरेट में अनुकंपा नियुक्ति अंतर्गत नियुक्त पत्र प्रदान किया। कलेक्टर कार्यालय भू-अभिलेख शाखा द्वारा जारी आदेश के अनुसार, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अंतर्गत उप स्वास्थ्य केन्द्र सुकली के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गिरिराज सिंह राजपूत का शासकीय सेवा के दौरान 27 अप्रैल 2025 को निधन हो गया था, जिसके उपरांत अमिता राजपूत को जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा एवं शासन के निर्देशानुसार अनुकंपा नियुक्ति के अंतर्गत पटवारी प्रशिक्षण हेतु चयनित किया गया है।

## निधन

### चंदा बाई तिवारी



**बिलासपुर।** उसलापुर निवासी चंदा बाई तिवारी का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 27 सितंबर को उनके निवास से सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे ग्राम मदवानी के स्वर्गीय मोहन प्रसाद तिवारी की पत्नी, अनिल, सुनील, अनिता, सुनीता की मां थीं।

### मनहरण श्रीवास

**बिलासपुर।** ग्राम चपोरा (खैरा) निवासी मनहरण श्रीवास का 25 सितंबर को निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे। जिनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे रामकुमार श्रीवास (गुड्डू) के पिता थे।

### संजू कश्यप

**बिलासपुर।** गणेश नगर चुचुहियापारा निवासी संजू कश्यप का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 27 सितंबर की सुबह 10 बजे गणेश नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे अमित कश्यप के भाई थे।

### संत चिन्मयानंद स्वामी ने की सराहना, भेजा संदेश

# सुशांत की ध्वजा यात्रा में शामिल हुए मंत्री राजेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला के द्वारा निकाली गई ध्वजा यात्रा के पांचवें दिन की यात्रा में प्रदेश के पर्यटन एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने शामिल होकर ध्वजा यात्रा को अद्वितीय और अतुलनीय बताया। उन्होंने बेलतरा विधानसभा क्षेत्र में सनातन की अलख जगाने के लिए विधायक सुशांत द्वारा निकाली जा रही इस पद यात्रा को ऐतिहासिक बताया।

■ 28 को रतनपुर महामाया मंदिर में होगा समापन

नवरात्रि पर बेलतरा विधनासभा में विधायक सुशांत शुक्ला द्वारा निकाली गई ध्वजा यात्रा बारिश और चिलचिलाती धूप में भी अनवरत जारी है। 22 सितंबर से गिरजाबंद हनुमान मंदिर से निकली पद यात्रा में विधायक सुशांत शुक्ला ने 26 सितंबर तक 130 किमी की अपनी यात्रा पूरी कर ली है, जिसमें 40 गांव शामिल है। विदित है विधायक श्री शुक्ला द्वारा 171 किमी की ध्वजा यात्रा निकाली गई है जिसमें वें 51 गावों और 12 शहरी क्षेत्र में पद यात्रा कर रहे हैं। पूरे विधानसभा क्षेत्र में सनातन धर्म की महान संस्कृति को और भी भव्यता प्रदान करने और भक्तिमय रंग में रंगने के लिए विधायक सुशांत ध्वजा यात्रा पर निकले हैं। इस दौरान क्षेत्र का सघन दौरा,ग्रामीणों से संवाद और गांवों के धार्मिक स्थानों पर जाकर मंदिरों का दर्शन कर रहे हैं। इस दौरान रात्रि विश्राम रोजाना जहां यात्रा समाप्त होता है वहां करते हैं, उसके बाद अगले दिन दूसरे पड़ाव के लिए पदयात्रा पर निकल जाते हैं। ध्वजा यात्रा जहां से भी गुजर रही है ग्रामीण फूल माला और नारियल से यात्रा और विधायक सुशांत का स्वागत कर रहे हैं। यात्रा के दौरान विधायक श्री शुक्ला के साथ युवाओं की टीम,कार्यकर्ता और ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। अब तक विधायक सुशांत शुक्ला नवागांव, मेलनाडीह, कर्रा (रैनपुर), जाली बेलतरा, बेलपारा, अंधियारी पारा, बगदेवा और कोरबी हरदीपारा, पथरापाली, लिम्हा, सलखा, कड़री, नेवसा, गिधौरी, टेकर, भिल्मी, पाण्डेपुर, उच्चभट्ठी, भाड़ी, बाम्हू अकलतरी, लखराम, पौंसरा, चोरहादेवरी, खैरा, डगनिया, सेलर, खपराखोल, बैमा नगोई, परसाही, उरतुम, मोहरा, मटियारी चिल्हाटी, लगरा, खैरा, फरहदा और मोपका तक की यात्रा पूरी कर चुके हैं।



### चिन्मयानंद बापू ने भेजा संदेश

विधायक सुशांत शुक्ला के ध्वजा यात्रा की संत श्री चिन्मयानंद बापू ने सराहना की है। अपने भेजे संदेश में बापू ने कहा की विधायक सुशांत द्वारा सत्य सनातन के लिए किया जा रहा है यह कार्य वंदनीय है। इस ध्वजा यात्रा से क्षेत्र में सनातन और भी मजबूत होगा और लोगों में सकारात्मक भाव आएगा लोग भक्ति की ओर अग्रसर होंगे। यह यात्रा 27 सितंबर को मोपका से प्रारंभ, चुन्नी सिंह तालाब, टेलीफोन एक्सचेंज रोड,राजकिशोर नगर दुर्गा मंदिर, बजरंग चौक, वसंत विहार दुर्गा मंदिर चौक, लिंगियाडीह, अमरैया चौक दुर्गा मंदिर बहतराई चौक, खमतराई ,बिरकोना और कोनी में रात्रि विश्राम होगा। 28 सितंबर को कोनी से प्रारंभ, सेंदरी, कछार, लोफंदी, पेण्डरवा, रानीगांव, मदनपुर और रतनपुर में भव्य समापन होगा।

# युवती की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा



गौरेला में हुए जघन्य हत्याकांड के आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई सुनाई गई। 26 जून 2024 को गौरेला स्टेट बैंक के पास भरे बाजार में हुई युवती की हत्या करने वाले आरोपी दुर्गेश प्रजापति निवासी लोहारी को द्वितीय जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

घटना के दौरान आरोपी ने मृतिका रंजना यादव पर दिनदहाड़े चाकू से 10 से अधिक बार हमला कर उसकी निर्ममता से हत्या कर दी थी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया था, जिसे पुलिस ने नाकेबंदी कर चिजगोहना पुल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त चाकू और मोटरसाइकिल भी जब्त की थी। मामले की विवेचना निरीक्षक शनिप रात्रे एवं उप निरीक्षक रामनिवास राठौर ने की। जिला पुलिस की सतत मॉनिटरिंग और सशक्त साक्ष्य संकलन के बाद समय पर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उपलब्ध साक्ष्यों और अभियोजन पक्ष की दलीलों पर विचार करते हुए न्यायालय ने आरोपी दुर्गेश प्रजापति को आजीवन कारावास एवं 1 हजार अर्थदंड के साथ साक्ष्य छुपाने के अपराध में 3 वर्ष का अतिरिक्त सश्रम कारावास और 500 अर्थदंड की सजा सुनाई। इस प्रकरण की पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह द्वारा की गई।

# नवरात्रि शक्ति और आराधना का पर्वः त्रिलोक



**बिलासपुर।** कांग्रेस नेता त्रिलोक चंद्र श्रीवास चांटीडीह श्रीकृष्ण गौशाला के पास युवा समिति के तत्वावधान में चंदन यादव एवं समूह के द्वारा जगराता कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्रि मां भगवती की शक्ति और आराधना, आस्था का पर्व है। सच्चे मन से भक्त माता से जो मनोकामना मांगते हैं, वह पूर्ण होता है। चांटीडीह सहित पूरे बेलतरा बिलासपुर की सुख समृद्धि की मांग माता रानी से करता हूं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में गुलनाज खान बाबा, दीपक नादम भी उपस्थित थे। इस अवसर पर आयोजन समिति के लक्ष्मण रजक, विक्की रजक, अनुराग शर्मा ने त्रिलोक श्रीवास सहित अन्य अतिथियों का पुष्पहार माता की चुनरी आदि से स्वागत किया।

# अव्यवस्थाओं के बीच रखे गए सौकड़ों मवेशी, बड़ी अनहोनी की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

ग्राम खम्हरिया में अमानवीय तरीके से मवेशियों को बंद कर रखा गया है। अगर मवेशियों को नही खोला गया तो निश्चित ही कोई बड़ी घटना घट सकती है। क्षेत्र में मवेशियों की असमय मृत्यु की खबरें लगातार सामने आ रही हैं।

मवेशी या तो सड़कों पर रौंदे जा रहे हैं, या फिर खुलेआम तस्करी की जा रही है। इन मूक प्राणियों की देखरेख करने वाला कोई नहीं है। इसी क्रम में एक और मामला सामने आ रहा है। ग्राम खम्हरिया में एक ही बाउंड्रीवाल के अंदर दो सौ से भी अधिक गाय, बैल, बछड़ों को रख दिया है, जहां कीचड़ युक्त जमीन होने के कारण मवेशियों के बैठने की भी व्यवस्था नहीं है। साथ ही उनके खाने पीने की भी कोई विशेष व्यवस्था नही है। यदि जल्द ही प्रशासन ने इस ओर ध्यान नहीं दिया तो मवेशियों के साथ कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।



### रखा गया है चरवाहा

पंचायत के द्वारा मवेशियों को बांउड्रीवाल के अंदर रखने के लिए प्रस्ताव पास किया गया है और मवेशियों के रख रखाव के लिए चरवाहा रखा गया है।

**- संजय सोनवानी,** सरपंच ग्राम पंचायत खम्हरिया

# छेड़छाड़ के आरोपी को सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

सत्र न्यायालय ने छेड़छाड़ के आरोपी को धारा दो वर्ष का सश्रम कारावास तथा एट्रोसिटी की धाराओं में भी 2 वर्ष का सश्रम कारावास से दंडित किया है।

अभियुक्त बनशु उर्फ बनस यादव पिता जगत राम यादव उम्र 38 वर्ष ग्राम लमनी चौकी खुड़िया थाना लोरमी को धारा 354 भारतीय दंड विधान में दो वर्ष का सश्रम कारावास तथा एट्रोसिटी की धाराओं में भी 2 वर्ष का सश्रम कारावास से न्यायालय सत्र न्यायाधीश पीठासीन श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी ने दंडित किया है तथा साथ ही 2000 के अर्थदंड से 25 सितम्बर को दंडित किया है। अभियुक्त द्वारा प्रार्थियां को अनुसूचित जनजाति की सदस्य जानते हुए अपमानित करने की नीयत से छेड़छाड़ कर उसके हाथ बांह को पकड़कर उसकी सहमति के बगैर स्पर्श किया था। अभियोजन के द्वारा अपने पक्ष के समर्थन में 10 गवाहों को न्यायालय के समक्ष परीक्षित कराया गया।

न्यायालय द्वारा उपलब्ध दस्तावेजों एवं साक्ष्यों के न्यायालयीन कथक के परिशिलन से मामले को संदेह से परे प्रमाणित पाए जाने पर 354 भारतीय दंड विधान एवं एट्रोसिटी की धाराएं 3 (1)(ब) य 3 (2) ट क के अंतर्गत सजा दी गई है। अभियुक्त पूर्व से ही एक अन्य प्रकरण में मुंगेली जेल में निरुद्ध है। अभियोजन की ओर से लोक अभियोजक रजनीकांत सिंह ठाकुर ने पैरवी की। प्रकरण की अनुसंधान नवनीत पाटिल उप पुलिस अधीक्षक द्वारा की गई है।




बिलासपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025

# हरिभूमि लाइव

Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255





मातावौरा सिरगिट्टी।



बोलबम दुर्गा उत्सव समिति बन्नाक चौक।



मां पार्वती दुर्गा उत्सव समिति मंगला।



मां महामाया दुर्गा उत्सव समिति।



अभिषेक विहार कालोनी में विराजी मां दुर्गा।



मां भवानी दुर्गा उत्सव समिति सिरगिट्टी।



दुर्गा उत्सव समिति तिफरा।



शिव मंदिर उसलापुर।

## सामाजिक समरसता के साथ पारिवारिक माहौल में डांडिया




**शहरवासियों के साथ शामिल हुए जनप्रतिनिधि, आज आएंगी नेहा धूपिया**

**भाटिया फ्युल्स द्वारा फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी खेल मैदान में रास डांडिया के दूसरे दिन शुक्रवार को पूरा शहर गरबा खेलने उमड़ा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इस मौके पर विधायक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि प्रिंस भाटिया और उनके परिवार के सदस्य और पूरी टीम समाजिक समरसता के साथ पारिवारिक माहौल में पिछले नौ सालों से रास डांडिया का आयोजन कर रहे हैं। यहां लोग परिवार के साथ नवरात्रि पर्व में एक अच्छे माहौल में गरबा खेल रहे हैं। यह रास डांडिया बिलासपुर की पहचान बन गई है। जो नियम से श्रृद्धा के साथ देवी माता की सेवा करते हैं। भगवान भी उनका साथ देते हैं और प्रिंस भाटिया और उनका परिवार बहुत अच्छे मन से नियम से रास डांडिया का आयोजन कर रहे हैं। नवरात्रि पर्व आस्था और माता की सेवा की आराधना का पर्व है।

इस अवसर पर कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव, मस्तूरी के विधायक दिलीप लहरिया, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष नारायण चंदेल, पूर्व महापौर रामशरण यादव, पूर्व मंडी अध्यक्ष राजेंद्र शुक्ला, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष हर्षिता पाण्डेय, पूर्व विधायक बैजनाथ चंद्राकर, वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण शुक्ला, विश्वेष ठाकरे, तखतपुर नगर पालिका अध्यक्ष पूजा मक्कड़, अम्बालिका साहू, नीतू श्रीवास्तव, प्रमिला चंदेल, अरविंद शुक्ला, अनीता शुक्ला, अरूण सिंह, महेष चंद्रिकापुरे, संजू मक्कड़, श्याम कष्यप, आईओसीएल के छत्तीसगढ़ हेड नितिन चवन, पूर्व सभापति शेख नजरूद्दीन, महेश दुबे, अशोक टुटेजा, नरेंद्र बोलर, ने रास डांडिया में लोगों का उत्साह बढ़ाया। प्रिंस भाटिया ने कहा कि मुझे गर्व महसूस हो रहा है रास डांडिया के मंच पर शहर के सारे लोग माला की मोती बनकर मेरे साथ खड़े हैं और हमें आशीर्वाद दे रहे हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, सतनाम खनूजा, अर्जुन तिवारी, महेष चंद्रिकापुरे, तेजपाल अरोरा, मनीष अग्रवाल, समीर अहमद, अभय नारायण राय समेत शहर के जनप्रतिनिधि एवं श्रृद्धालु काफी संख्या में मौजूद थे।





### नशा मुक्ति, सड़क- सुरक्षा का संदेश

रास डांडिया के आयोजन में जन जागरण अभियान, सामाजिक सरोकार तथा पुलिस चेतना अभियान के तहत जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर वे नशा मुक्ति तथा सड़क सुरक्षा का संदेश आयोजन समिति के द्वारा दिया जा रहा हैं। इस मैदान में वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से युवाओं को जागरूक करने तथा नशा मुक्ति का संदेश देने, वाहन दुर्घटनाओं को रोकने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेष सिंह की अपील का प्रसारण मंच पर एलईडी के माध्यम से किया जा रहा है।

### समाजसेवियों एवं गौसेवक का सम्मान

आयोजन समिति के द्वारा रास डांडिया के मंच पर शहर में घायल मवेशियों का इलाज कराने वाले एवं उन तक पहुंच कर उन्हें भोजन कराने उनकी सुरक्षा के लिये काम करने वाले विपुल शर्मा को आयोजन समिति के द्वारा सम्मानित किया गया। विपुल शर्मा गौसेवक के रूप में जाने जाते हैं पद यात्रा भी किये हैं और बीमार एवं घायल पशुओं की देखभाल भी करे हैं। इसके साथ ही निधि तिवारी को भी सम्मानित किया गया जब पूरा शहर सो जाता है तब निधि अपनी स्कूटी पर रोटी और बिस्किट लेकर निकलती है और सड़क पर आवारा कुत्तों को भोजन कराती हैं।

**पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए दी सहयोग राशि :** पंजाब में आई विपदा पर रास डांडिया आयोजन समिति पंजाब के साथ खड़ा है। प्रिंस भाटिया ने बताया कि कलेक्टर संजय अग्रवाल के माध्यम से पंजाब बाढ़ पीड़ितों को आयोजन समिति की ओर से बड़ी सहायता राशि भेजी। आयोजन समिति के द्वारा जो पास जारी किये गये हैं उनमें से प्रति पास 100 रूपये की राशि तथा बिलासपुर शहरवासियों के सहयोग से बाढ़ पीड़ितों की मदद करने का निर्णय लिया गया है।

### नवरात्रि के छठवें दिन स्कंदमाता की पूजा

**श्री पीतांबरा पीठ सुभाष चौक सरकंडा स्थित त्रिदेव मंदिर में शारदीय नवरात्र उत्सव 1 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य दिनेश महाराज ने बताया कि इस अवसर पर नवरात्रि के पंचम दिन श्री ब्रह्मशक्ति बगलामुखी देवी का विशेष पूजन और श्रृंगार कुष्मांडा देवी के रूप में किया गया।**



प्रतिदिन प्रातःकालीन श्री शारदेश्वर पारदेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक, पूजन और परमब्रह्म मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी का पूजन और श्रृंगार किया जा रहा है। इसके अलावा, श्री सिद्धिविनायक का पूजन और श्रृंगार, श्री महाकाली, महालक्ष्मी, महासरस्वती राजराजेश्वरी, त्रिपुरसुंदरी देवी का श्रीसूक्त षोडश मंत्र द्वारा दूधधारियापूर्वक अभिषेक किया जा रहा है। पीतांबरा पीठाधीश्वर आचार्य डॉ दिनेश महाराज ने बताया कि स्कंदमाता, देवी दुर्गा का पांचवा स्वरूप हैं और इन्हें नवरात्रि के पांचवें दिन पूजा जाता है। यह स्वरूप मातृत्व, प्रेम और करुणा का प्रतीक है। स्कंदमाता का अर्थ है 'स्कंद की माता'। स्कंदमाता का स्वरूप अत्यंत शांत और सौम्य है। उनकी चार भुजाएँ हैं। वह अपनी दो भुजाओं में कमल धारण करती हैं, जबकि तीसरी भुजा से वह वरद मुद्रा में भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। उनकी गोद में उनका पुत्र स्कंद (भगवान कार्तिकेय) विराजमान हैं। देवी का वाहन सिंह है, जो शक्ति और साहस का प्रतीक है।

## नवरात्रि पर शहर में हो रहे विविध आयोजन

नवरात्रि पर शहर में रास गरबा सहित विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसमें महिलाओं, युवतियों की भागीदारी हो रही है, वहीं मंदिरों में देवी की विधि-विधान से पूजा की जा रही है। कन्या भोजन कराए जा रहे हैं। नियमित भंडारे में लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं।

### बच्चों के साथ अभिभावक भी ले रहे डांडिया का आनंद



बचपन प्ले स्कूल मंगला चौक में दो दिवसीय गरबा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा रंग-बिरंगे पारिधान में ग्रुप में डांडिया का प्रदर्शन किया जा रहा है। इससे शाला परिसर का पूरा वातावरण डांडियामय हो गया है। समापन शुक्रवार 26 सितंबर को होगा। स्कूल की प्राचार्य प्रीति चौहान ने बताया कि यह आयोजन बच्चों के बीच सांस्कृतिक माहौल बनाने के उद्धेश्य से किया गया है। यह कार्यक्रम मां दुर्गा की शक्ति एवं बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है। इस आयोजन का उद्धेश्य संस्कृति का संरक्षण और बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा करना है। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसमें बच्चों के साथ ही उनके अभिभावक भी गरबा कर जमकर इंजॉय कर रहे हैं। गरबा को लेकर सभी में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस अवसर पर विद्यालय ने नए छात्रों के लिए प्रवेश निःशुल्क रखा है। प्रवेश का यह मौका 2 अक्टूबर तक रहेगा।

### पंखिड़ा सेंट्रल इंडिया का सबसे बड़ा गरबा महोत्सव



सेंट्रल इंडिया का बिगेस्ट गरबा' इस बार और भी बड़े पैमाने पर 23 और 24 सितंबर को रायपुर रोड स्थित होटल सीपीआई में किया गया। आयोजक आकाश सिंह ने बताया कि बड़ी संख्या में दर्शक और प्रतिभागी इसमें शामिल होकर रातभर गरबे की धुन पर नाचते रहें। इंडियन आइडल स्टार सिंगर्स का लाइव परफ़ॉर्मेंस दिया,छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय कलाकारों की प्रस्तुति दी गई। आधुनिकता और परंपरा का अनोखा संगम हुआ,पंखिड़ा' हर साल शहर की पहचान और सांस्कृतिक धरोहर को नई ऊँचाइयों तक ले जाता है,इस बार आयोजन समिति का दावा है कि दर्शकों को ऐसा अनुभव मिला, जो उन्हें लंबे समय तक याद रहेगा। पहले दिन अभिनेत्री अवनीत कोर ने मंच में आते ही लोगों का अपने परफॉर्मेंस से मन मोहलिया और गरबा के धुन पर खूब नचाया। दूसरे दिन हरियाणा के मशहूर सिंगर यूट्यूबर मासूम शर्मा ने अपने अंदाज में बरसते पानी में दर्शकों के बीच आए और परफार्मेंस से सबका दिल जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य ने मोहा मन

राम मंदिर तिलक नगर में भगिनी मण्डल राजेन्द्र नगर द्वारा श्रद्धा व उत्साह से शारदोत्सव मनाया जा रहा है। शारदा देवी स्थापना के पहले दिन भजन कीर्तन किया गया। दूसरे दिन कुमकुम आर्चन एवं श्री सुक्त का समूह पाठ किया गया। तीसरे दिन खेलकूद व व्यंजन प्रतियोगिता कराई गई। दीए का डेकोरेशन भी किए। चौथे दिन गुरुवार को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें मण्डल की सदस्यों व महाराष्ट्रीयन समाज की महिलाओं ने पारंपरिक वेश में भाग लेकर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। पूर्णिमा कोन्हेर, सुजाता सिंहा, ज्योति गुप्ता, अर्चना ललित, कीर्ति मिश्रा, प्रतिमा कोन्हेर, शैलजा पवार, शालिनी गुप्ता ने गीत-आमा पान के पतरी..में छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य व डांडिया की प्रस्तुति दी। मानसी गोवर्धन एण्ड साथियों ने मंगला गौरी पूजन को नृत्य के साथ पेश किया।



### महिलाओं ने गुजराती ड्रेस में दी प्रस्तुति

श्री चन्द्रपुरिहा कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज महिला मंडल ने तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव के समापन पर प्रतिभागियों ने गुजराती ड्रेस में शानदार प्रस्तुति दी। करबला स्थित सामाजिक भवन में इस कार्यक्रम का आयोजन महिला मण्डल की अध्यक्षा मधु गुप्ता, सचिव वीणा बबली गुप्ता, कोषाध्यक्ष शिल्पा ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुचित्रा साव ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। मुख्य अतिथि प्रमिला गुप्ता शुभम ज्वेलर्स ने 11101 रूपए की सहयोग राशि महिला मण्डल को भेंट की। पूर्वाध्यक्षों का सम्मान अध्यक्षा मधु गुप्ता ने उपहार देकर किया। निर्णायक मेघा और शानवी रहीं। विजेताओं में रुपाली प्रथम, सुषमा द्वितीय, स्नेहा तृतीय, नवयुवती वर्ग में पलक गुप्ता प्रथम, दिशा द्वितीय, शैली तृतीय, बालकों में सार्थक गुप्ता प्रथम, अकुंश द्वितीय, आदर्श तृतीय शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय गोंड़वाना पार्टी को नोटिस

**बिलासपुर।** भारत निर्वाचन आयोग ने राजनीतिक दल के रूप में पंजीकृत राष्ट्रीय गोंड़वाना पार्टी को शो-कॉज नोटिस जारी किया है। पार्टी के अध्यक्ष के नाम जारी नोटिस में उन्हें 9 अक्टूबर 2025 को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय रायपुर में आवश्यक दस्तावेज के साथ सुनवाई के लिए बुलाया गया है। राष्ट्रीय गोंड़वाना पार्टी पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धाराओं का पालन नहीं करने का आरोप लगा है। आयोग के दस्तावेजों के अनुसार पार्टी का पता-अध्यक्ष, राष्ट्रीय गोंड़वाना पार्टी, सरखेल हाऊस, तिफरा बिलासपुर के रूप में दर्ज है।

### महुआ शराब जब्त आरोपी गया जेल

**बिलासपुर।** सीपत पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस को आरोपी के पास से 6 लीटर अवैध कच्छी महुआ शराब मिली है। मामले के अनुसार पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम देवरी में अवैध कच्ची महुआ शराब लेकर आरोपी बेचने के फिराक में है। पुलिस ने देवरी में निर्माणाधीन मकान में रेड की कार्रवाई को अंजाम दिया। इस दौरान रमेश बंजारे पिता अगम दास बंजारे उम्र 48 वर्ष से 6 लीटर कच्ची महुआ शराब को जप्त की गई। आबकारी एक्ट की धाराओं के अनुसार पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

### बीच सड़क पर धारदार हथियार लेकर दौड़ाया

**बिलासपुर।** युवक और उसके भाई के साथ दो बदमाशों ने पहले तो बीच सड़क में मारपीट की, उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर बीच सड़क पर दौड़ाया। पीड़ित युवक ने सिटी कोतवाली पुलिस से मामले की शिकायत की है, पुलिस ने अपराध दर्ज नहीं किया है। गोंड़पारा निवासी अभय मानिकपुरी 19 वर्ष और ओम मानिकपुरी दोनों भाई है। गुरूवार की शाम दोनों गांधी चौक होते हुए पार्टी में जा रहे थे, इस दौरान क्षेत्र के दो बदमाश यमन विश्वकर्मा और पिंटू महराज ने पुराने विवाद को लेकर दोनों के साथ मारपीट शुरू कर दी। अभय को मार खाता देख उसके भाई ओम मानिकपुरी ने मारपीट से छोड़वाने का प्रयास किया इस दौरान युवक ने उसे भी चाकू लेकर दौड़ाते रहे। दोनों ने सिटी कोतवाली पुलिस से मामले में लिखित शिकायत की है।

वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस

# सरेराह छात्र की पिटाई करने वाला बदमाश चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में पुलिस का खौफ खत्म हो चुका है। सिविल लाइन थाना के नेहरू चौक के पास एक बदमाश युवक ने बीच सड़क पर कॉलेज छात्र की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान सड़क पर सैकड़ों लोग थे, लेकिन किसी ने बीच बचाव नहीं किया और बदमाश बेल्ट से छात्र को पीटता रहा। घटना का वीडियो वायरल होने के बाद सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।





बहन से दोस्ती के शक में एक युवक इस कदर पागल हो गया कि सरेराह गाली-गलौज करते हुए छात्र की पिटाई पर आमादा हो गया। आरोपी ने बेल्ट निकालकर बेरहमी से छात्र के साथ मारपीट की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना नेहरू चौक स्थित राजेंद्र नगर स्कूल के पास हुई। जिस समय यह घटना हुई उस दौरान सड़क पर सैकड़ों लोग आ जा रहे थे लेकिन किसी ने भी बदमाश को रोका नहीं। आरोपी युवक ने छात्र को लात-घूंसों और बेल्ट से इस कदर पीटा कि वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पूरी घटना का वीडियो मोबाइल में रिकॉर्ड कर हो चुका है। कुछ ही देर में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस हरकत में आई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में सामने आया कि युवक को शक था कि छात्र उसकी बहन से दोस्ती कर रहा है, इसी वजह से उसने बीच सड़क पर हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में मारपीट और गाली गलौज की धाराओं में अपराध दर्ज किया गया है।

### जुर्म दर्ज किया गया है

मामले में आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई है। जिसपर अपराध कायम किया गया है।

-**एसआर साहू,** टीआई, सिविल लाइन

# स्कार्पियो ने तोड़ा खंबा, जेई ने लिखाई रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तोरवा बस्ती पटेल मोहल्ला में लगे बिजली के खंबे को स्कार्पियो चालक ने ठोकर मार कर क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस मामले में तोरवा बिजली कार्यालय में पदस्थ जेई ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है। मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है। तामेश्वर देशलहर तोरवा बिजली कार्यालय में जूनियर इंजीनियर के पद पर पदस्थ है। उन्होंने पुलिस को बताया कि 11 सिंतबर को शाम 7 बजे के करीब तोरवा बस्ती पटेल मोहल्ला में संतोषी मंदिर के पास लगे बिजली पोल को स्कार्पियो क्रमांक सीजी 10 एफए 5580 के चालक द्वारा लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। घटना के कारण बिजली विभाग को 36 हजार का नुकसान उठाना पड़ा है। जेई ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है, पुलिस मामले में जांच कर रही है।

# चोरों ने 12 लाख से अधिक के जेवरात उड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा के पुरानी बस्ती में चोरों ने रियल स्टेट व्यवसायी के घर को निशाना बनाकर 12 लाख रूपए के अधिक की चोरी को अंजाम दिया है। इस दौरान घर पर 8 सदस्य सो रहे थे और किसी भी सदस्य को चोरी की भनक नहीं लग सकी।

- पुलिस के गले नहीं उतर रही है घटना

कोटा निवासी अरमान खान पेशे से रियल स्टेट व्यवसायी हैं। उनके घर में 10 सदस्य है। 24 सितंबर को परिवार के 8 सदस्य घर में खाना खाकर सो रहे थे। इस दौरान घर के 2 सदस्य किसी काम से बाहर गए हुए थे। पति व पत्नि ऊपर के कमरे में सोते हैं। 25 सिंतबर को वह और उनकी पत्नी उठे, इस दौरान कमरे का दरवाजा नहीं खुला, जिसके बाद छत से नीचे उतरकर नीचे के कमरे में गई। उनकी मां परवीन कुरैशी के कमरे में रखे आलमारी में ताला खोलकर चोरी की घटना की जानकारी मिली। इस दौरान अज्ञात चोर ने चाभी से अलमारी खोलकर उसमें रखे 3 लाख 75 हजार रूपये नगदी, सोने का 20 ग्राम का झुमका 2 जोड़ी, झुमका 1 जोड़ी 12 ग्राम, हार 15 ग्राम नथनी, बिंदिया 14 ग्राम, नाक की किल 2 ग्राम, अंगुठी 4 जोडी 18 ग्राम, चैन 2 जोड़ी 21.5 ग्राम, हार सेट कान एवं गले 25 ग्राम, नथ 5 ग्राम कंगन 30 ग्राम चांदी का पायजेब 04 जोड़ी 1.5 किलो, दो जोड़ी पायल 200 ग्राम, बिछिया 20 जोड़ी, 50 ग्राम अंगुठी 12 नग, 60 ग्राम चांदी का सिक्का 5 ग्राम, मेहंदी छल्ला 2 जोड़ी 200 ग्राम, चांदी का चैन 10 ग्राम, चांदी का पुरानी सामान 100 ग्राम, कडा 250 ग्राम, सहित सभी सोने व चांदी के जेवरात चोरो ने पार कर दिया है। चोरों ने अलमारी के रखे पक्के बिल एवं मकान का कागजात व स्कुटी क्रमांक सीजी 10 बीएस 1427 व सीजी 16 सीएफ2938 के कागजों को भी चोरी कर लिया है। चोरो ने बड़ी की शातिर तरीके से करीब 12 लाख रूपए के जेवरात और नकदी को पार कर दिया है। पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

## घटना के समय गार्ड की पड़ गई थी नींद

मार्क हास्पिटल के पास स्थित कमला श्री इंक्लेव के फ्लैट में हुई चोरी की घटना आसपास के लोगों के गले नहीं उतर रही है। जिस समय यह घटना हुई उस दौरान फ्लैट का गार्ड गहरी नींद में था। उसे भनक तक नहीं लग सकी है। फ्लैट में कोई सीसीटीवी कैमरा मौजूद नहीं है। ऐसे में पुलिस के शक की सुई आसपास के लोगों में ही मंडरा रही है। पुलिस मामले में जुर्म दर्ज किया है।

## सूने मकान से लाखों के जेवरात, नकद पार

महिला एवं बाल विकास विभाग के अधीक्षक के घर में चोरों ने धावा बोलकर लाखों के जेवरात सहित 60 हजार रूपए की चोरी कर ली। बताया जा रहा है कि घर के सभी सदस्य बाहर गए थे, मकान सूना पाकर अज्ञात चोरों ने घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



मामला सरकंडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मार्क हास्पिटल के पास का है। कमला श्री इंक्लेव में रहने वाली संध्या अग्रवाल पति दीपक अग्रवाल ने थाने में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि उनके पति दीपक अग्रवाल महिला एवं बाल विकास विभाग में अधीक्षक पद पर कार्यरत हैं, और उनकी पोस्टिंग सक्ती में है। 23 सिंतबर की सुबह 6 बजे वे अपने पति के साथ सक्ती चली गई थीं। इस दौरान घर में ताला लगा हुआ था। 25 सिंतबर को गार्ड ने उनकी देवरानी रेखा अग्रवाल को घर का दरवाजा खुला होने व चोरी होने की सूचना दी। देवरानी ने उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी। वापस आने के बाद उन्होंने देखा कि मेन दरवाजे का ताला टूटा पड़ा था और घर का सारा सामान बिखरा पड़ा था। घर के अंदर जाने पर बेडरूम का ताला तोड़कर चोरों ने गोदरेज आलमारी को निशाना बनाया और उसे तोड़कर सोने का मंगल सूत्र 3 तोला, सोने का कंगन एक जोड़ी वजनी 3 तोला,अंगुठी 3 नग,कान का लटकन 2 जोड़ी,कान की बाली 2 जोडी, सोने का लाकेट,चांदी का पायल 3 जोडी, कडा 2 नग,बिछिया 6 जोड़ी और 60,000 रूपये नगद रकम चोरी हो चुका था। महिला ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

### 5 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ व अश्लील हरकत करने के मामले में सीपत पुलिस ने 5 हजार के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के अनुसार पीड़िता ने सीपत थाने में अपराध दर्ज कराया था जिसमें उसने बताया था कि 2 मई को लंबोदर वैष्णव पिता रामदाम वैष्णव ने उसके साथ गलत नीयत से छेड़छाड़ कर अश्लील हरकत की थी। इस दौरान आरोपी द्वारा प्रार्थिया का हाथ पकड़कर बाल खिंचकर उत्पीड़न की गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार हो गया था। एसएसपी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी पर 5 हजार का इनाम रखा था। सीपत थाना प्रभारी द्वारा टीम तैयार कर लगातार पतासाजी की जा रही थी। मुखबीर से सूचना मिली थी कि आरोपी लंबोदर वैष्णव अपने घर आने वाला है, पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी का पूर्व में भी जांजगीर में आपराधिक रिकार्ड दर्ज है।

### स्व. महेन्द्र कपूर नाइट आज

**बिलासपुर।** प्रियदर्शनी समाज सेवा समिति एवं आकांक्षा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा पार्श्व गायक स्व. महेन्द्र कपूर नाइट का आयोजन 27 सितंबर को उद्योग भवन सीएमडी चौक में शाम 6.30 बजे से किया जा रहा है। इसमें गायक दीपक मिश्रा, आकाश दुबे, राजेश सोनी, नवीन चंद्र, रिया अदकने, शरद पाण्डेय, नूर खा अपनी प्रस्तुति देंगे।

PRP/GFC
तकनीक द्वारा
गंजेपन का ईलाज
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
पेट एवं लीवर रोग विभाग
- दर्दरहित इण्डोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, इण्डोस्कोपिक-सोनोग्राफी एवं ई.आर.सी.पी. का एडवांस सेंटर
- गैस, कब्जियत, पेट दर्द, उल्टी, ज्वाइंडिस (पीलिया), एनीमिया
- लीवर एवं एल्कोहल जनित रोगों हेतु ICU सुविधा (प्लाज्मा फेरेसिस सुविधा के साथ)
- पैनक्रियाटायटिस एवं इन्फ्लामेट्री बोवेल डिसीज का उच्च स्तरीय उपचार
- पैनक्रियास, लीवर, पेट, आंत एवं गॉल ब्लेडर आदि के कैंसर की एडवांस सुविधा

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कोरपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. भाविक शाह
Dr. NB (Gastro), MRCP-SCE, UK (Gastro), MNAMS
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

